## सार-समाचार

### अजय कुमार उर्फ ललित बने अध्यक्ष



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। रविवार को न्यू ट्रक यूनियन के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी राजेन्द्र पीपी, राजेन्द्र आरओ आदि ने बताया कि रविवार को ट्रक यूनियन कार्यालय पर संपन्न हुए चुनाव में सभी पदों पर रोचक मुकाबला देखने को मिला। अध्यक्ष पद के लिए हुए त्रिकोणीय मुकाबले में अजय कुमार उर्फ ललित गुर्जर ने 100 वोट हासिल कर विजय प्राप्त की। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी जुबेर अहमद को 79 वोट मिले, जबकि इमरान खान को मात्र 5 वोट मिले। 8 वोट निरस्त किए गए। अध्यक्ष पद पर अजय कुमार उर्फ ललित कुमार गुर्जर 21 वोटो से, उपाध्यक्ष पद पर शाकिर अली ने 107 वोट प्राप्त कर हरिचरण सैनी को 28 वोटों के अंतर से पराजित किया। मंत्री पद पर सबसे कडा मुकाबला देखने को मिला, जहां आजाद खान ने 96 वोट लेकर जगदीश सिंह राजावत को मात्र 6 वोटों के अंतर से हराया। महाप्रबंधक पद पर मनीष कुमार शर्मा ने 101 वोट हासिल कर फरीद खान को 15 वोटों से पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद पर काडू खान ने सबसे बडी जीत दर्ज की। उन्होंने 115 वोट प्राप्त कर चेतराम मीणा को 43 वोटों के बडे अंतर से हराया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और विजयी उम्मीदवारों का पारंपरिक रूप से माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रत्याशी अपने अपने समर्थको के साथ मतदाताओ की मान मनुअल कर हुए दिखे। इस दौरान हजारो की संख्या में लोग मोजूद थे। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के लिए अपने जवानो को तैनात किया हुआ था एवं अधिकारी चुनाव प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए थे।

### इंदरगढ माता के जागरण में झूमे भक्त

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार रात्रि को इंदरगढ दरबार जिला बूंदी में महारानी पैलेस धर्मशाला में माता रानी का भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इंदरगढ माता का दरबार सजाकर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा माता रानी की एक से एक भेंट की प्रस्तुत कर भक्तो को रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया। जागरण प्रातः 5 बजे तक चला। रविवार प्रातः 7 बजे ढोल नगाडे और जयकारों के साथ भक्त देवी चरण गर्ग, अशोक करौली, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश चंद्र सिंघल, रमेश जीवद, कैलाश चंद, राम अवतार महोली, सत्यनारायण पटवारी, सुनील उदेई, धुजी लाल, अनुराग, हैप्पी, राहुल अग्रवाल, आकाश गर्ग, राकेश मीणा, मनसुख, ओम प्रकाश आदि सहित सैकडो महिला पुरुष बच्चे भक्तगण माता रानी को 1०8 मीटर लंबी विशाल चुनरी और ध्वजा हाथों में लेकर चढाने के लिए नाचते गाते जयकारा लगाते हुए माता रानी के दरबार के लिए रवाना हुए जयकारों से आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। माता रानी का चोला श्रृंगार कर विशाल चुनरी चढाकर भोग लगाकर सभी ने देश और परिवार की खुशहाली की कामना की। प्रातः 9 बजे कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे का आयोजन किया गया भंडारा में सैकडो भक्तों ने पंगत पर प्रसादी पाई।

### प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर बैठक

**सूरौठ,** (निसं)। तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रीय स्तर कि शूटिंग बॉल प्रतियोगिता 22 फरवरी से योगी होगी नेशनल शूटिंग बॉल प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर रविवार को कस्बे के गांधी स्मारक मैदान में आयोजन कमेटी सदस्यों एवं सर्व समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रतियोगिता के आयोजन की कार्य योजना तैयार की गई जिस पर जिला शूटिंग बाल संघ के सचिव विश्राम मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरौठ सर्व समाज के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे के गांधी स्मारक खेल मैदान में 22 फरवरी से 23 फरवरी तक नेशनल शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा सचिव मीणा ने कहा कि इस नेशनल प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, हरियाणा ,पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान ,सहित कई प्रांतों की टीमों को आमंत्रित किया गया है बैठक में इस मौके पर वेद प्रकाश शर्मा, घनश्याम शर्मा ,प्रमोद तिवारी, नरेंद्र बाबा ,राजेंद्र विजय, अवधेश शर्मा ,मनोज समाधिया, संपत कटकरिया ,रामचरण जंगम, मदन मोहन, जाकिर हुसैन, सहित कई लोग रहे उपस्थित जिसमें बैठक में तय किया गया कि राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग बॉल प्रतियोगिता डे नाईट मैच दूधिया रोशनी में खिलाए जाएंगे।

### प्रवेश परीक्षा संपन्न

**छौंकरवाड़ा कला** (निस)। भारत सरकार द्वारा छौकरवाडा कला में स्थित पीएम श्री नवोदय विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं, कक्षा नवी प्रवेश परीक्षा 2025 संपन्न हो गई। जिस परीक्षा में कक्षा ग्यारहवीं के 228 व कक्षा नवी के 78 छात्र-छात्राएं गैर हाजिर रहे। नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिभा भारद्वाज ने बतायाकि नवोदय विद्यालय के द्वारा शिक्षा सत्र 2025-26 कक्षा ग्यारहवीं, कक्षा नवी प्रवेश परीक्षा कराई गई जो परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गए और दोनों कक्षाओं की परीक्षा में भरतपुर -डीग जिले के विद्यार्थी शामिल हुए। कक्षा ग्यारहवीं में 133 एव कक्षा नवी में 671 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था।

# विधायक ने आरओबी निर्माण कार्य में देरी पर जताई नाराजगी

**नदबई,** (निसं)। विधायक जगत सिंह ने करीब छह साल पहले शुरु हुए आरओबी निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए, विभागीय अधिकारियों से लेटलतीफी को लेकर चर्चा की। वही, निर्माण कार्य में गुणवत्ता रखते हुए निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य करने को कहा।

निरीक्षण दौरान विधायक ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। बाद में पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता आशा बोहरा व कनिष्ठ अभियंता अनिल नागर ने नवम्बर तक

- **विधायक ने नदबई आरओबी निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

निर्माण कार्य पूर्ण होने के बारे में बताया। बाद में विधायक ने मोबाइल पर ठेकेदार व विभागीय उच्चाधिकारियों से बात करते हुए निर्माण कार्यमें उच्च गुणवत्ता रखते हुए निर्धारित समयावधि में आरओबी निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने नदबई मुख्य बाजार में जाम की समस्या से निजात के लिए बाइपास व आरओबी निर्माण की घोषणा करते हुए 67 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया। जिसमें करीब आठ किलोमीटर लंबे बाइपास के लिए 36 करोड़ व 790 मीटर लम्बाई के आरओबी निर्माण के लिए 31 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। पहले तीन साल तो विभाग ने भूमि अधिगृहण में लगा दिए। बाद में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से अक्टूबर 2018 में निर्माण कार्य शुरु तो हुआ। लेकिन, छह साल बाद भी आरओबी का निर्माण पूर्ण नही हुआ।



आरोबी निर्माण का निरीक्षण करते विधायक जगत सिंह।

### शपथ दिलाई

**भरतपुर,** (निसं)। मास्टर आदित्येंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान सेवा परिषद की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। निर्वाचन समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं सदस्य सुनील गुप्ता, आलोक सारस्वत के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिसमें कप्तान सिंह प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर नदबई को जिला अध्यक्ष बनाया गया।

# समस्या समाधान की मांग

**नदबई,** (निसं)। यहां नगर पालिका सभागार में नगर पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार की अध्यक्षता व विधायक जगत सिंह के मुख्य आथित्य में साधारण सभा बैठक हुई। जिसमें पार्षदों ने रोड लाइट, जर्जर सडक एवं नालियों पर टूटे जाल व फेरोकवर नही होने के बारे में बताया। बाद में विधायक जगत सिंह ने टेण्डऱ प्रक्रिया करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश देते हुए पार्षदों को विकास कार्यो में सहयोग करने को कहा। इससे पहले साधारण सभा की बैठक में 2025-26 के वित्तीय बजट को लेकर चर्चा हुई। जिसमें 32.50 करोड़ के बार्षिक बजट व सफाई कार्य को लेकर श्रमिक सप्लाई के लिए दो करोड़ का प्रस्ताव लिया। बाद में विधायक ने शहरी क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी पर चर्चा करते हुए ड्रेनेज सिस्टम के लिए डीपीआर राशी 32.50 करोड की स्वीकृति राज्य सरकार को भिजवाने व शीघ्र गंदे पानी की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। वही, शहरी क्षेत्र में यूडी टैक्स वसूलने के निर्देश देते हुए मूलभूत समस्याओं का समाधान करने को कहा। बैठक में अधिशाषी अधिकारी दीपा यादव,मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ ( सियाराम ) मांगों को लेकर विधानसभा पर करेगा प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के संरक्षक मंडल व स्थाई समिति के सदस्यों की संयुक्त बैठक जयपुर के पेट्रोलियम हाउस में मुख्य संरक्षक व प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा के सानिध्य व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

संगठन के महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता एवं उप प्राचार्य से प्राचार्य पद पर बडे पैमाने पर डीपीसी करने पर शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए पिछले सत्रों की रिव्यू डीपीसी कर आगामी बकाया सत्रों की नियमित डीपीसी शीघ्र ही करने की मांग की है।वर्तमान सरकार के एक वर्ष से अधिक कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी पारदर्शी व स्थाई शिक्षक स्थानांतरण नीति जारी नहीं करने पर पदाधिकारियों ने सरकार के प्रति रोष भी व्यक्त किया। बैठक में अतिरिक्त विषय के साथ स्नातक करने वाले तृतीय वेतन श्रंखला अध्यापकों को वरिष्ठ अध्यापक पद की पदोन्नति के लिए पात्र मानते हुए बकाया वर्षो की डीपीसी करने,नव ऋमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में व्याख्याता के पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने,प्रबोधक व शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग भी राज्य सरकार से की गई। संगठन की संघर्ष समिति के संयोजक एवं मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी ने बताया कि शिक्षकों की प्रमुख मांगों के प्रति सरकार की उदासीनता के कारण संगठन द्वारा आगामी दिनों में विधानसभा पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा,इस प्रदर्शन में राज्य भर के दस हजार से अधिक शिक्षक भाग लेंगे। प्रदेश मंत्री सोहन लाल गुप्ता ने बताया कि बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा की गई एवं संगठनात्मक मुद्दों को लेकर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए।संगठन के मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने सभी पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक प्रवास करने की बात कही। बैठक में संरक्षक बनवारी लाल सैनी,रणवीर सिंह गोदारा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामदयाल मीणा, प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करते संगठन पदाधिकारी।

## सार-समाचार

### सफाई कर्मचारियों के वेतन पर चर्चा की

**भरतपुर,** (निसं)। बाल्मीकि सफाई सैनिक संघर्ष समिति की मीटिंग सेवर स्थित ब्रजेन्द्र बिहारी मंदिर पर संरक्षक एवं सलाहकार राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बाल्मीकि सफाई सैनिकों की बैठक हुई। जिसमें सफाई सैनिकों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। जिसमें संयोजक दीपक कुमार ने बताया कि हम मजदूरों को पहले से कम मजदूरी दी जा रही है और कर्मचारियों को भी घटाया जा रहा है। पहले कम्पनी में काम करते थे उस पर भी एक माह का बकाया है हर महीने तनख्वा के लिए कम्पनी और ठेकेदार परेशान करते हैं व मजदूरी भी हमको आज की मंहगाई में बहुत कम दी जा रही है जिससे हमारे सफाई सैनिकों के परिवार नहीं पल पा रहे हैं। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए सचिव लक्ष्मी नारायन ने कहा कि हमारे लिए सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। जब हम नगर निगम के अधिकारियों के पास जाते हैं तो वह कहते हैं कि वह ठेकेदार के पास जाये तो वह कहता है कि नगर निगम ने हमको पेमेन्ट नहीं किया है। जब पेमेन्ट कर देगा तो हम तनख्वाह दे देंगे। इसलिए आन्दोलन करने को मजबूर हैं। संरक्षक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि आप लोगों की मांग जायज है। आप भी देश के सैनिक हो जिस तरह बोर्डर पर फौजी देश की रक्षा कर रहा है उसी तरह आप गंदगी से हमारी रक्षा कर रहे हो। आज की मंहगाई में और काम को देखते हुए आपको वाजिव मजदूरी मिलनी चाहिये। 500 रू. मजदूरी भी कम है एक परिवार को पालने के लिए लेकिन सरकार अगर इतना भी दे दे तो यह भी सरकार की दरियादिली होगी। वरना कल सुबह से नगर निगम के सामने अनिश्चितकालीन व क्रमिक अनशन न्याय मिलने तक जारी रहेगा।

### एसडीएम ने किया आरोग्य मेला का भ्रमण

**धौलपुर,** (निसं)। संभाग स्तरीय आरोग्य मेले के अंतर्गत रविवार को धौलपुर एसडीएम डॉक्टर साधना शर्मा ने आरोग्य मेले का भ्रमण किया एवं आयुष पद्धित द्वारा दी जा रही सेवाओं को सराहा।आमजन ने आयुर्वेद के साथ होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धित का लाभ प्राप्त किया एवं विभिन्न औषध निर्माता कंपनियों द्वारा लगाई गई स्टॉल पर औषधि प्रदर्शन से भी आमजन ने काफी लाभ प्राप्त किया। कपिग थेरेपी, अग्निकर्म, पंचकर्म एवं योग एवं प्राकृतिक द्वारा विभिन्न रोगों से बचाव हेतु आमजन ने लाभ प्राप्त किया। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाल कलाकारों के साथ-साथ विभागीय चिकित्सकों कंपाउंडरों द्वारा भी प्रस्तुति दी गई जिनको मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। व्याख्यान प्रभारी डॉ दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को डॉ रमेश अरुण भरतपुर एवं डॉक्टर समसुल हसन तारीक भरतपुर द्वारा व्याख्यान दिया गया। आमजन को रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ाने वाला आयुर्वेद काढ़े का वितरण किया गया।

### महाकुंभ के लिए बस रवाना

**मेहंदीपुर बालाजी,** (निसं)।श्री बालाजी महाराज घाटा मेहंदीपुर ट्रस्ट द्वारा मेहंदीपुर बालाजी मंदिर से प्रयागराज महाकुंभ के लिए निःशुल्क बस यात्रा मंहत डॉ नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में रवाना हुई ।रविवार को प्रथम बस मंदिर प्रागंण में विविवत पूजन और बालाजी महाराज के जयकारो के साथ श्रद्धालुओं की रवाना हुई । यात्रा के दौरान यात्रियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा पूर्णतः निःशुल्क रखी है । जानकारी के अनुसार बालाजी मंदिर से प्रयागराज महाकुंभ की निःशुल्क द्वितीय बस 13 फ़रवरी और 16, 19 और 22 फरवरी तक निःशुल्क बस यात्रा जारी रहेगी। साथ ही यात्रियों को ठहरने और भोजन व्यवस्था निःशुल्क रहेगा। श्रद्धालु मंदिर कार्यालय में संपर्क कर सीट रजिस्ट्रेशन करवा कर यात्रा कर सकेंगे। ग़ौरतलब है कि पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में खाध सामठाी और कबंल भेजे गये थे जिसमे 100 टीन घी, 250 टीन तेल, 20 टन अनाज और 10 टन दाल सहित अन्य खाद्य सामठाी और 10 हज़ार कंबल के सात वाहनों को रवाना किया गया वहीं कुंभ में मेहंदीपुर बालाजी सेवा शिविर और राजस्थान मंडपम के माध्यम से प्रतिदिन हज़ारों साधु, संतो और श्रद्धालुओं को भोजन के पश्चात वस्त्र वितरण किये जा रहे है।

### शिविर कार्यक्रम पुनर्निर्धारित

**करौली,** (निसं)। उपखण्ड अधिकारी प्रेमराज मीना ने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के दौरान आ रही एप्लीकेशन संबंधित तकनीकी समस्याओ के मद्देनजर तकनीकी समस्याओ का भारत सरकार के स्तर से समाधान होने तक जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविर कार्यक्रम पुनर्निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह से जिले की करौली तहसील में पूर्व निर्देशित कैंप कार्यक्रम के अनुसार 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत करसाई एवं गुडला तथा 13 से 15 फरवरी तक ठाा.पं. सैमरदा एवं मामचारी में कैंप आयोजित किये जावेंगे। जिले की शेष तहसीलों पर पूर्व निर्धारित शिविरों को भारत सरकार के स्तर से तकनीकी समस्याओं के समाधान सहित आगामी आदेशों के जारी होने तक स्थगित किया जाता है। फरवरी माह के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित शिविरों के संबंध में पृथक से सूचित किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि जिले में 5 फरवरी से फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### शोक सभा आयोजित

**करौली,** (निसं)। पेंशनर समाज के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी कंपाउंडर के निधन पर उनके निवास पर शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि कृष्ण मुरारी गुप्ता ने अपने लगभग चालीस वर्ष के सेवा काल में उन्होंने मेल मेडिकल,सर्जिकल वार्ड प्रभारी व नर्सिंग अधीक्षक के रूप में दायित्व निर्वहन करते हुए लाखों रोगियों की सेवा की तथा सेवानिवृति के पश्चात निःशुल्क चिकित्सकीय सेवा के साथ पेंशनर समाज के जिला कोषाध्यक्ष के पद पर कार्य करते हुए स्टेट बैंक में पेंशन विभाग में सेवा भाव से कार्य करते हुए हजारों पेंशनरों के वित्तीय प्रकरणों का निस्तारण करवाया।

# मेवात अंचल में पनप रहा तुलसी माला निर्माण लघु उद्योग

**भरतपुर**, (निसं)। एनसीआर क्षेत्र के भरतपुर ,अलवर और डीग जिले के अन्तर्गत आने वाले मेवात अंचल के न्याणा गांव में मेवात उत्थान समिति भरतपुर की प्रबन्ध कार्यकारिणी की बैठक अरूण गुप्ता की अध्यक्षता में हुई।

जिसमें मेवात क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण, संस्कारवान शिक्षा, आत्मनिर्भर, प्राकृतिक खेती, भारतीय संस्कृति ज्ञान, लघु उद्योग संचालन प्रशिक्षण, किशोरी व बालिका विकास, सामाजिक बुराईयां समाप्त करना, साइबर क्राइम व अपराध की रोकथाम, कम्प्यूटर ज्ञान, तकनीकी ज्ञान, ऑन लाइन बैंकिंग ज्ञान आदि पर चर्चा की गई। तुलसी माला निर्माण, सिलाई प्रक्षिक्षण, संस्कारवान कोचिंग सेन्टर आदि का निरीक्षण किया और तुलसी माला निर्माण व कपडा सिलाई कर रही महिलाओं से रू-ब-रू हुए।

न्याणा गांव की आत्मनिर्भर महिलाओं ने बताया कि मेवात उत्थान समिति आमजन की मददगार बन रही है, जिसके द्वारा मेवात क्षेत्र में निःशुल्क सिलाई, तुलसी माला निर्माण, अचार-मुरब्बा, ब्यूटी पॉलर, संस्कारवान शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य व स्वच्छता आदि के कार्यक्रम संचालित है, जिससे ठाामीणों को रोजगार प्राप्त हो रहे है और लोगों में देश व समाज सेवा के भाव जागरूक हो रहे है। आत्मनिर्भर रानी कुमारी ने बताया कि मेवात क्षेत्र में तुलसी माला निर्माण का कारोबार प्रतिसाल बढ रहा है। जिससे भारी संख्या में महिलाओं को घर पर ही रोजगार मिला और उनकी आय में बढोत्तरी होने के साथ-साथ परिवार की आर्थिक हालत मजबूत हो गई तथा बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास आदि की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हो रही है और परिवार के बच्चों के विवाह व अन्य उत्सव बडे धूमधाम से कर रहे है। तुलसी माला निर्णाण में मेवात उत्थान समिति का विशेष योगदान है, जो श्री गोपाल मन्दिर न्याणा के महन्त बालकदास महाराज के सानिध्यं तुलसी माला प्रशिक्षण के साथ-साथ उन्हे आर्थिक मदद देकर तुलसी माला का बाजार, कच्चा माला आदि की जानकारी मुहैया करा रही है।

समिति के पदाधिकारी रेनु गुप्ता व अनीता गुप्ता ने बताया कि मेवात उत्थान समिति द्वारा अलवर, डीग और भरतपुर जिले के मेवात व आंकाक्षी क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सर्वसमाज की शिक्षा, कृषि, चिकित्सा, पेयजल, महिला सहशक्तिकरण, युवा उत्थान, संस्कारवान शिक्षा आदि को बढावा देने के उद्देश्य से गांव-गांव में बहुउद्देशीय प्रशिक्षण सेन्टर संचालित है और गरीब व जरूरतमन्द परिवारों को रोजगार वास्ते आर्थिक मदद मुहैया कराई जा रही है।

समिति के पदाधिकारी अरूण गुप्ता, रेनु गुप्ता, सुरेशचन्द बंसल, शैलेन्द्र गुप्ता, अनीता गुप्ता, अमर सिंह, कमलेश चौधरी ने गोविन्दगढ, कामां, पहाडी, नगर, सीकरी क्षेत्र के कई गांवों में समिति द्वारा संचालित सेन्टरों का निरीक्षण किया और तुलसी माला निर्माण व सिलाई कार्य कर रही महिलाओं से रू-ब-रू हुए।



तुलसी माला का बढता कारोबार, महिलाओं को मिल रहा रोजगार।

### निसंतान दंपतियों को परामर्श दिया

**भरतपुर,** (निसं)। डॉ कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस गोपालगढ भरतपुर में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में आसपास के ठाामीण एवं शहरी 48 मरीजों ने परामर्श लिया, इसमें 11 दम्पत्ति ऐसे भी थे जो पूर्व में इलाज से लाभान्वित हो चुके थे। शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्ययूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना, एक बार संतान होने पर दोबारा गर्भ धारण न होना, दो या तीन बार आईयूआई कराने पर भी असफलता मिलना, अनियमित माहवारी या अण्डों का नहीं बनना एवं समय पर नहीं फूटना और पुरूषों में शुक्राणु में कमी होना आदि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर निशांत दीक्षित द्वारा निसंतान्ता एवं आईवीएफ के मरीजों के लिए परामर्श दिया गया। आगामी निसंतान्ता निवारण शिविर 10 मार्च को लगाया जावेगा। इस मौके पर पर अजय शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, संजय तिवारी, सुरेश शर्मा, दीपक कुमार, मनीष, करतार, बोबी, सुमित, ज्ञान सिंह, आशीष मीना, राजेश सिंह, रवि, दिव्या, सुरभि, पुष्पलता, सीमा राजपूत आदि मौजूद रहे।

# भरतपुर की टीम रही उपविजेता



स्प्रिट पावर कप-2025 क्रिकेट प्रतियोगिता में भरतपुर की टीम रही उपविजेता

**भरतपुर,** (निसं)। सीईएससी राजस्थान की ओर से अन्तर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत आयोजित टीम स्प्रिट पावर कप-2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब कोटा इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (केईडीएल) ने अपने नाम कर लिया। भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेस लिमिटेड (बीईएसएल) उपविजेता रही।

भरतपुर स्थित जयपुरिया क्रिकेट अकेडमी में खेले गए फाइनल मैच में केईडीएल ने बीईएसएल को 5 विकेट से हराया। केईडीएल ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीईएसएल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 140 रन बनाए। जवाब में केईडीएल की टीम ने 141 रन बनाकर 5 विकेट से प्रतियोगिता खिताब जीत लिया। इस मैच में बीईएसएल के हरीश बिष्ट ने 44 रन की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच केईडीएल के अमनसिंह को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज राहुल सोनी रहे। सेमीफाइनल में बीईएसएल व केईडीएल ने जीते' फाइनल से पहले जयपुरिया क्रिकेट अकेडमी के मैदान में दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला मैच बीकानेर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड (बीकेईएसएल) व भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड (बीईएसएल) के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर बीकेईएसएल की टीम ने पहले फिल्डिंग को चुना। पहले खेलते हुए बीईएसएल की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 115 रन बनाए। जवाब में बीकेईएसएल की टीम 110 रन ही बना सकी। इस प्रकार बीईएसएल ने 5 रन से सेमीफाइनल जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच तुषार शर्मा रहे। दूसरा सेमीफाइनल सीईएसएसी राजस्थान कॉरपोरेट व केईडीएल के बीच खेला गया। केईडीएल ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला किया। पहले खेलते हुए सीईएससी राजस्थान कॉर्पोरेट ने निर्धारित 16 ओवर में 108 रन बनाए। जवाब में केईडीएल की टीम ने 111 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीत लिया और फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच राहुल सोनी रहे। 'सीईओ व वाइस प्रेसीडेंट ने नवाजा फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में सीईएससी राजस्थान के सीईओ श्रीप्रकाश जोशी व सीईएससी राजस्थान के वाइस प्रेसीडेंट (एचआर) अरूणाभा साहा ने विजेता टीम केईडीएल को विजेता ट्रॉफी प्रदान की।